# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम (पुराना)

प्रथम वर्ष

सत्रीय कार्य

2026–2027

जुलाई 2026 तथा जनवरी 2027 प्रवेश सत्र के लिए


प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

# सत्रीय कार्य – 2026–2027

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रति  ात अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2026 और जनवरी 2027)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2027** तक है।

2. जो **जनवरी 2027** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2027** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय परिवेश** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -01/ टी. एम. ए. / 2026-27** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1.** (क) सांस्कृतिक परिवेश क्या है? संस्कृति के महत्वपूर्ण तत्वों और किसी फर्म के अन्तराष्ट्रीय कारोबार पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा करें। (10+10)

(ख) व्यापार के आधुनिक सिद्धांत समझाएँ। निरपेक्ष लाभ और तुलनात्मक लाभ के बीच अंतर बताएं।

2. भुगतान शेष खाते के मैकेनिज्म को समझाएं। चालू खाता, पूंजी खाता और अन्य खातों के बीच अंतर बताएं। साथ ही, भुगतान शेष में असंतुलन के कारणों और नतीजों का विश्लेषण करें। (4+8+8)

3. **निम्नलिखित पर टिप्पणी करें:** (4X5)

(क) प्रशुल्क से देश में आयातित वस्तुओं की मांग बढ़ती है।

(ख) विश्व मर्चेंडाइज़ व्यापार की तुलना में विश्व GDP तेज़ी से बढ़ी है।

(ग) बाजार मध्यस्थ वृहद परिवेश के अंतर्गत आते हैं।

(घ) अन्तराष्ट्रीय स्तर पर व्यापर की जाने वाली चीज़ों में कृषि उत्पाद सबसे बड़ा समूह है।

4. **निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए:** (4X5)

(क) आर्थिक परिवेश और विधिक परिवेश

(ख) स्पष्ट अनुबंध और निहित अनुबंध

(ग) विवाचन और न्यायिक प्रक्रिया

(घ) प्रोडक्ट स्टैंडर्ड्स और प्रोसेस स्टैंडर्ड्स

**5.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:** (4X5)

(क) प्रोटेक्शनिज़्म (Protectionism)

(ख) भविष्य माल (Future Goods)

(ग) बेसल कन्वेंशन

(घ) अंतर्राष्ट्रीय विपणन के लिए नैतिक संहिता